# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 04.04.2026 (दोपहर–1310 बजे)
## मुख्य समाचार

1. **राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि, दिया एकता और अखंडता को मजबूत करने का संदेश।**
2. **केंद्र सरकार ने कहा– संसद में जन विश्वास बिल पारित होने से ईज ऑफ लिविंग और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को मिलेगा बढ़ावा।**
3. **वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने किया बूढ़ापहाड़ का दौरा, कहा– सभी विभागों के साथ बैठक कर वकास के लिए बनेगा नया खाका।**
4. **राज्य में जूनियर डॉक्टरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल छह अप्रैल से, स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ सकता है असर, ओपीडी सेवाएं होंगी प्रभावित।**
5. **लातेहार जिला स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर रन फॉर लातेहार का आयोजन, शहीदों को नमन के साथ स्वास्थ्य और एकता का दिया संदेश।**

**********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर रांची के आर्यभट्ट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के अदम्य साहस और दूरदर्शी नेतृत्व ने देश की एकता और अखंडता को मजबूत आधार दिया। राज्यपाल ने 562 रियासतों के विलय को ऐतिहासिक बताते हुए इसे राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि कहा। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और हमें राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए एकता की भावना को सुदृढ़ करना चाहिए।

**********************

संसद ने जन विश्वास प्रावधान संशोधन बिल पारित कर दिया है, जिससे 'ईज ऑफ लिविंग' और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। यह विधेयक पुराने और अप्रासंगिक नियमों को खत्म कर भरोसे पर आधारित व्यवस्था को मजबूत करेगा। साथ ही, मामलों के त्वरित निपटारे और गैर–आपराधिक प्रावधानों के जरिए मुकदमों का बोझ कम करने में मदद करेगा। सरकार ने इस विधेयक को नागरिकों को सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम बताया है।

**********************

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बूढ़ापहाड़ क्षेत्र का दौरा कर विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह इलाका पहले नक्सल गतिविधियों का गढ़ रहा है, लेकिन अब लगभग नक्सल मुक्त हो चुका है। उन्होंने जोर दिया कि सिर्फ पुलिस नहीं, बल्कि विकास कार्यों के जरिए ही नक्सलवाद पर पूरी तरह काबू पाया जा सकता है। वित्त मंत्री ने बताया कि जल्द ही सभी विभागों के साथ समीक्षा बैठक कर विकास का खाका तैयार किया जाएगा।

**********************

पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने बोकारो स्टील प्लांट में विस्थापितों के मुद्दे पर प्रबंधन को 45 दिनों का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने कहा कि यदि तय समय में समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो विस्थापित खाली जमीन पर खेती शुरू कर आंदोलन करेंगे। चंपाई सोरेन ने कहा कि 60 साल बाद भी विस्थापितों को पूरा न्याय नहीं मिला है और लाखों परिवार आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

**********************

झारखंड में जूनियर डॉक्टरों के स्टाइपेंड संशोधन को लेकर आंदोलन तेज हो गया है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और झासा ने 6 अप्रैल से प्रस्तावित अनिश्चितकालीन हड़ताल को समर्थन दिया है। इसका असर रिम्स रांची सहित राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों पर पड़ेगा, जहां ओपीडी सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं, जबकि इमरजेंसी सेवाएं जारी रहेंगी।

**********************

युवा संगम फेज छह के तहत 2 से 25 मार्च तक 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में संस्थान आधारित एक्सपोजर टूर के लिए पंजीकरण किए गए। यह कार्यक्रम एक भारत श्रेष्ठ भारत की ओर से संचालित किया जाता है, जिसका उद्देश्य देश के युवाओं को आपसी सांस्कृतिक और सामाजिक जुड़ाव के माध्यम से जोड़ना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप यह पहल युवाओं को अनुभव आधारित शिक्षा प्रदान करती है, जिसमें वे विभिन्न राज्यों की संस्कृति, भाषा और परंपराओं को करीब से समझते हैं।

*********************

भारतीय ध्वज वाला एलपीजी टैंकर, ग्रीन सानवी युद्धग्रस्त होर्मुज जल–डमरू–मध्य को सुरक्षित रूप से पार कर भारत की ओर बढ़ रहा है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, पश्चिम एशिया संघर्ष शुरू होने के बाद से होर्मुज जलडमरूमध्य को पार करने वाला ग्रीन सानवी सातवां भारत–उन्मुख एलपीजी टैंकर है।

पश्चिमी फारस की खाड़ी क्षेत्र में कुल 17 भारतीय ध्वज वाले जहाज में चार सौ से अधिक भारतीय नाविक सवार हैं। नौवहन महानिदेशालय, भारतीय नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जहाज मालिकों और भारतीय दूतावासों के साथ लगातार स्थिति की निगरानी कर रहा है। महानिदेशक जहाजरानी नियंत्रण कक्ष चौबीसों घंटे और सातों दिन काम कर रहे हैं। अब तक खाड़ी क्षेत्र के विभिन्न हवाई अड्डों और क्षेत्रीय स्थानों से एक हजार 1 सौ 30 से अधिक भारतीय नाविकों की सुरक्षित स्वदेश वापसी में सहायता की है।

*********************

चतरा में चतरा–डोभी मार्ग पर बभने गांव के पास बारातियों से भरा वाहन पलट गया। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए हैं। सभी घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान बिहार के शेरघाटी निवासी मोहम्मद राजा के रूप में हुई है।

*********************

जमशेदपुर पुलिस ने दो अपराधियों को आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है। सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया कि एक अप्रैल की रात शेख शारिक ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट की और विरोध करने पर हथियार लहराते हुए साथी के साथ फरार हो गया था।

*********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 39 हजार रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 45 हजार रूपये प्रति किलो है।

*********************

मौसम विभाग ने आज से 6 अप्रैल तक राज्य के कई इलाकों में बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। पेश है एक रिपोर्ट –

*********************

लातेहार जिला स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर रन फॉर लातेहार सह सद्भावना दौड़ का आयोजन किया गया। समाहरणालय से कारगिल पार्क तक आयोजित इस दौड़ में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। दौड़ का उद्देश्य सामाजिक एकता, सद्भाव और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम के बाद अधिकारियों ने कारगिल पार्क में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बलिदान को नमन किया।

*********************

महविश / नूतन आरएनयू